हरिहर क्षेत्र साहित्यिक उत्सव में देशभर के कवियों ने बांधा समां

हाजीपुर (आससे)। निकटवर्ती सोनपुर नगर के गज-ग्राह चौक स्थित निजी वैंकट हॉल के सभागार में रविवार को हरिहर क्षेत्र साहित्यिक उत्सव 2026 के भव्य मंच पर देश के कोने-कोने से पधारे कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हरिहर क्षेत्र चेतना मंच के तत्वावधान में आयोजित इस काव्य उत्सव में साहित्य की सभी विधाओं की सरस धारा प्रवाहित हुई।

कार्यक्रम के आयोजन में मंच के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप, महासचिव तृप्ति नाथ सिंह और साहित्यकार सुरेन्द्र मानपुरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दो सत्रों में सजा उत्सव - कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र पूर्वाह्न 10:45 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक चला। इसमें मुजफ्फरपुर के प्रख्यात साहित्यकार डॉ. संजय पंकज मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. रणवीर कुमार राजन ने अपने विचार व्यक्त किए। अपराह्न 1.30 से 4.10 बजे तक चले मुख्य काव्य सत्र की अध्यक्षता डॉ. संजय पंकज ने की। चेन्नई से पधारे डॉ. ईश्वर चौधरी 'करुण' मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विद्या चौधरी (पटना), डॉ. भगवती प्रसाद द्विवेदी (पटना) और श्री राहुल शिवाय (दिल्ली) मौजूद रहे।

सत्र का ऊर्जावान संचालन डॉ. पंकज कर्ण ने किया। कवियों ने बांधा समां - काव्य पाठ के दौरान डॉ. संजय पंकज ने 'हमने सत्ताएं बदली हैं, हम कब बदले?' और 'पाटलिपुत्र घनानंदों को पाल रहा है' सुनाकर खूब तालियां बटोरी। डॉ. भगवती प्रसाद द्विवेदी ने 'दुनिया अब बाजार है, हर घर में बाजार है' और 'तुम्हें मुबारक रस्म दूधिया चकाचौंध वाली...' प्रस्तुत की। चेन्नई से आए ईश्वर चौधरी %करुण% ने 'थोड़ा खोने के लिए, थोड़ा पाने के लिए गीत लिखता हूं' और 'मेरी बांदी रही है बसंती हवा' से महफिल लूट ली।

इसके अलावा डॉ. अनिता सिंह, हरिनारायण हरि, डॉ. नंदेश्वर सिंह, रमेंद्र कुमार चौधरी, अमिताभ कुमार सिन्हा (दरभंगा), आशुतोष कुमार सिंह, डॉ. वीरमणि राय, राहुल शिवाय, गजल गायक सीताराम सिंह, विद्या चौधरी, सतीश चंद्र भगत सहित अन्य कवियों ने अपनी चुनिंदा रचनाओं से श्रोताओं को देर तक बांधे रखा।

कार्यक्रम के अंत में टीम पिरामिड के डायरेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह टुनटुन और किसान शंकर किशोर ने सभी आमंत्रित कवियों को अंगवस्त्र एवं टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

शरद पूर्णिमा पर बाबा हरिहरनाथ के दरबार पहुंचे केंद्रीय मंत्री और सांसद

सोनपुर कोर्ट। विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर स्थित ऐतिहासिक और पौराणिक बाबा हरिहरनाथ मंदिर में शरद पूर्णिमा पर रविवार शाम को एक विशेष आध्यात्मिक समागम देखने को मिला। देश और राज्य के विकास तथा लोक कल्याण के संकल्प के साथ केंद्रीय मंत्री, माननीय सांसद राज भूषण चौधरी, माननीय स्वांत संत सिंह विधायक, स्थानीय समाजसेवी विनोद सम्राट, डा आशुतोष कुमार, मिथिलेश कुमार सिंह लेखक, अजित सिंह ने बाबा हरिहरनाथ धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा।





रविवार संध्या बेला में मंदिर पहुंचे विशिष्ट अतिथियों का स्वागत मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह 'लल्ला', सहकोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिन्हा, सदस्य चन्द्र भूषण तिवारी और पुजारी पवन शास्त्री, सदानंद पाण्डेय, नन्द बाबा, शशि बाबा द्वारा अंगवस्त्र और पावन प्रसाद भेंट कर किया गया। इसके बाद सभी राजनेताओं ने गर्भगृह में प्रवेश कर भगवान शिव (हर) और भगवान विष्णु (हरि) के अद्वितीय संयुक्त स्वरूप का विशेष पूजन किया। आचार्यों द्वारा कराए गए वैदिक पूजन पूजन के उपरांत केंद्रीय मंत्री और उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बाबा हरिहरनाथ के दरबार में आकर वे सभी अत्यंत धन्य और अभिभूत महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि शैव और वैष्णव संप्रदाय की अटूट एकता और हमारी प्राचीन सनातन संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। हमने बाबा हरिहरनाथ से समस्त देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख, शांति और राष्ट्र की अखंड प्रगति तथा लोक कल्याण की मंगल कामना की है।'

यूजीसी रोस्टर रोलबैक और एससी एसटी एक्ट में संशोधन की मांग

महुआ (आससे)। गोविंदपुर दुर्गा मंदिर स्थित एक निजी विद्यालय में सवर्ण समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रघुवंश सिंह ने की, संचालन कमलेश झा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सोहन सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा श्रीरामवंश के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, गौरी शंकर सिंह, अजीत कुमार, चंद्र मोहन सिंह, रमैया सिंह, सनोज कुमार सिंह, आनंद मोहन सहित कई वक्ताओं



ने यूजीसी रोलबैक, एससी-एसटी एक्ट में संशोधन और सवर्ण समाज की एकता पर विस्तार से बात रखी। वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी के नए प्रावधानों से सवर्ण समाज के युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है।

इस मामले को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा। उन्हें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है कि न्याय मिलेगा। साथ ही एससी-एसटी एक्ट के दुरुपयोग को रोकने के लिए इसमें संशोधन की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकता ही सबसे बड़ी ताकत है, और एकजुट होकर ही अपने हक की लड़ाई लड़ी जा सकती है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सवर्ण समाज के हितों के लिए चरणबद्ध आंदोलन और सरकार से वार्ता का सिलसिला जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर अमोद कुमार शुक्ला, मिथुन सिंह, देवेंद्र प्रसाद सिंह, मिथिलेश सिंह, शिवम सिंह, कमलेश ठाकुर, हित नारायण झा, गजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के लोग मौजूद रहे।

शिक्षक के स्थानांतरण पर सम्मान समारोह

महुआ (आससे)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय चकमजाहिद उर्दू में सहायक शिक्षक मोहम्मद दिलशेर के स्थानांतरण पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता प्रधान शिक्षिका प्रतिमा कुमारी ने की। समारोह में विद्यालय परिवार और प्रारंभिक शिक्षक संघ, महुआ इकाई के सदस्यों ने उनके 19 वर्षों के योगदान को याद कर भावभीनी विदाई दी। प्रधान शिक्षिका प्रतिमा कुमारी ने कहा कि दिलशेर ने 19 वर्षों तक निष्ठा और समर्पण से सेवा दी। शिक्षण के साथ-साथ विद्यालय के विकास और सौंदर्यीकरण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। बच्चों को वे स्नेहपूर्वक पढ़ाते थे। उनके जाने से कमी खलेगी। प्रखंड अध्यक्ष अशर्फी दास ने कहा कि वे हमेशा संगठन के साथ मजबूती से खड़े रहे। बच्चों के प्रति व्यवहार, शिक्षण के प्रति लगन और संगठन को मजबूत करने में उनकी भूमिका सराहनीय रही। शिक्षक मोहम्मद इम्तियाज ने कहा कि 19 वर्षों में उन्होंने विद्यालय के वातावरण को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किया। उनका सहयोगात्मक व्यवहार प्रेरणादायक रहा। वक्ताओं ने कहा कि उनका समर्पण और स्नेह अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा है। सभी ने नए कार्यस्थल के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक मोहम्मद एहसानुल हक, मोहम्मद अनवारुल हक, मोहम्मद परवेज, तबस्सुम परवीन, राहुल कुमार, मोहम्मद आशिक हसन, आफ्ताब आलम, मोहम्मद इजहार, सचिव उम्मत खातून, शमीमा खातून, अफसाना खातून सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

पूर्व सैनिक संघ की बैठक में विजय दिवस की तैयारियों पर चर्चा

महुआ (आससे)। वैशाली जिला पूर्व सैनिक संघ महुआ अनुमंडल इकाई की मासिक बैठक शनिवार को महुआ नगर परिषद क्षेत्र स्थित लीलावती सेलिब्रेशन विवाह भवन में आयोजित की गई। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मुन्ना कुमार ने की, जबकि संचालन महुआ प्रखंड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने किया। बैठक की शुरुआत नए सदस्यों को सदस्यता देकर और उनका स्वागत कर की गई। इसके बाद जिला संघ के उपाध्यक्ष अमजद अली ने आगामी दिसंबर में आयोजित होने वाले 55वें विजय दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से तन, मन, धन से सहयोग करने की अपील की, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने सहयोग राशि भी जमा कराई। मुख्य अतिथि के रूप में मुजफ्फरपुर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रधान लिपिक अभिनीत कुमार ने शिरकत की। उन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद केंद्र और राज्य सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों को मिलने वाली विभिन्न कल्याणकारी सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। संगठन विस्तार के तहत सर्वसम्मति से भारतीय वायु सेना से हाल ही में सेवानिवृत निजमा निवासी मास्टर वारंट ऑफिसर सुधीर कुमार सिंह को महुआ प्रखंड इकाई का अध्यक्ष चुना गया। वहीं प्रखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष फूल बाबू सिंह को महुआ अनुमंडल इकाई का संरक्षक बनाया गया। सभी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माला पहनाकर अभिनंदन किया। अंत में गौरी शंकर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया और भारत माता की जय के नारों के साथ बैठक का समापन हुआ। मौके पर सिया शरण सिंह, राम सूरत राय, जय राम सिंह, महेश प्रसाद सिंह, बीके कमल, रामेश्वर राय, प्रवीण कुमार, शत्रुघ्न राय, चंदेश्वर सिंह, अनिल कुमार, बालेश्वरी देवी, संजय ठाकुर, बीपी शर्मा सहित कई पूर्व सैनिक मौजूद रहे।



'सिग्निफिकेंट कॉन्ट्रिब्यूशन अवार्ड' से सम्मानित हुए डॉ. अमरेश कुमार

भगवानपुर (वैशाली) (आससे)। हाजीपुर के लाल और जाने-माने फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.अमरेश कुमार को 'सिग्निफिकेंट कॉन्ट्रिब्यूशन अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। उक्त अवार्ड उन्हें मिलने से क्षेत्र के डॉक्टरों एवं बुद्धिजीवियों में खुशी व्याप्त है। इस मौके पर डॉ.सुबोध कुमार, डॉ.संजीव कुमार



सिन्हा, डॉ.प्रगति प्रभात, नरेन्द्र कुमार सिंह, डॉ.सुधाकर प्रसाद सिंह, डॉ.नरोत्तम कुमार सहित अन्य लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए डॉ. अमरेश को बधाई दिया है। इन लोगों ने कहा कि डॉ.अमरेश ने हाजीपुर और वैशाली का नाम रौशन किया है। ज्ञात हो कि डॉ.अमरेश हाजीपुर के चकबिगजानी, वार्ड नं.03 अद्योगिक क्षेत्र के निवासी स्व.नवल प्रसाद जी के पुत्र हैं। वर्तमान में वे राजकीय तिब्बी कॉलेज, हॉस्पीटल कदमकुआं पटना में पदास्थापित हैं। उन्हें ये अवार्ड फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, द्वारका नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड फिजियोथेरेपी एशिया वेस्टर्न पैसिफिक रिजिनल कॉन्फ्रेंस 2026 में प्रदान की गई है।

मेडिसिन स्टोर का शुभारंभ

भगवानपुर (वैशाली) (आससे)। भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र के भगवानपुर मेला चौक पर नया मेडिसिन स्टोर का शुभारंभ हुआ है। मेडिसिन स्टोर का शुभ उद्घाटन भगवानपुर दरबार के मालिक मृत्युंजय कुमार सिंह उर्फ मुन्ना बाबू ने फीता काटकर किया। मेडिसिन स्टोर के प्रोपराइटर भगवानपुर के जाने-माने यूट्यूबर आनंद कश्यप हैं।इस मौके पर श्री कश्यप ने बताया कि नये मेडिसिन स्टोर में ग्राहकों का विशेष सुविधा का ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि दुकान में सिर्फ ब्रांडेड दबाई की ही बिक्री होगी। ब्रांडेड दबाई में भी ग्राहकों को अधिकतम छूट दी जाएगी। उद्घाटन के दिन ही खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ लगी हुई थी।



विपक्ष के झूठे एजेंडे को उजागर करेगी भाजपा : शीला कुशवाहा

हाजीपुर (आससे)। भाजपा जिला कार्यालय सांची पट्टी मे रविवार को लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को लेकर जिला बैठक आयोजित हुई। बैठक में वैशाली उत्तरी और दक्षिणी जिले के सभी पदाधिकारी महामंत्री रविंद्र सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष बबीता सिंह ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष शीला कुशवाहा ने कहा कि 25 अक्टूबर से 5 नवंबर तक देशव्यापी अभियान चलेगा। यह अभियान एसआईआर, मतदाता सूची की शुद्धता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को




व मंच-मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दक्षिणी अजय कुशवाहा ने की, संचालन लेकर विपक्ष के झूठे और दोहरे मापदंड को उजागर करेगा। उन्होंने बताया कि जनता में लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विश्वास को मजबूत करना अभियान का लक्ष्य है। इसके लिए प्रेस वार्ता, पदयात्रा, युवा संवाद, छात्र प्रतियोगिता और राष्ट्र चिंतन यात्रा जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसके लिए जिला स्तर पर अलग-अलग प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।

चार सूत्री मांगों को लेकर सत्याग्रह, प्रशासन ने हटाया मंच

महनार (संसू)। चार सूत्री मांगों को लेकर नगर परिषद महनार के पुराने कार्यालय के निकट रविवार को एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश महापात्रे ने आमरण अनशन एवं सत्याग्रह शुरू किया। आंदोलन शुरू होते ही प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच टकराव की स्थिति बन गई। प्रशासन ने धारा 163 और आदर्श आचार संहिता का हवाला देते हुए आंदोलनकारियों को हटा दिया तथा मंच और टेंट भी हटवा दिया। रितेश महापात्रे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को दूसरी और तीसरी किस्त का शीघ्र भुगतान, आरपीएस कॉलेज महनार को पीजी एवं वोकेशनल पाठ्यक्रमों की मान्यता, बालिका और बालक उच्च विद्यालय को एनसीसी ग्रेड बी एवं सी की मान्यता तथा महनार अस्पताल में पर्याप्त दवा और गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था की मांग की।

अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रदर्शन की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन आदर्श आचार संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू रहने के कारण अनुमति नहीं दी गई। आवेदक को इसकी जानकारी और संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए थे। सीओ के अनुसार, 24 अक्टूबर की रात संबंधित विभाग से मांगों पर बातचीत की गई और कार्रवाई की जानकारी भी दी गई थी। इसके बावजूद भीड़ जुटाकर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किए जाने के मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है।

दूसरी ओर, आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि सत्याग्रह की तैयारी के लिए लोगों से चंदा जुटाकर 25 हजार रुपये जमा किए गए थे, जिसे प्रशासन ने कार्रवाई के दौरान ले लिया। मंच और टेंट भी हटा दिया गया। हालांकि, राशि किस अधिकारी या कर्मी ने ली और इस संबंध में जब्ती सूची तैयार की गई या नहीं, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी।



निर्मल कुमार बने नवोदय विद्यालय में संगीत शिक्षक

महनार। महनार के स्टेशन रोड निवासी निर्मल कुमार का चयन पटना जिले के बिक्रम स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में टीजीटी म्यूजिक शिक्षक के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता जताते हुए उन्हें बधाई दी है। निर्मल कुमार, संतोष कुमार के पुत्र हैं। उनकी पढ़ाई की शुरुआत महनार के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान विद्या निकेतन से हुई थी। उनकी सफलता से परिवार और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।



निर्मल कुमार के चयन पर विद्या निकेतन की सचिव रीता देवी, प्राचार्य सौरभ कुमार आर्या, नर्मदेश्वर मिश्रा, रणधीर कुमार, महनार के पूर्व डीसीएलआर ललित कुमार सिंह, धीरेंद्र सिंह उर्फ धीरू भाई, कृत्यानन्द सिंह, मनोज कुमार मेहता, उनके दादा रमेश पोद्दार, पप्पु पोद्दार, विजय शर्मा, सुनील शर्मा, पप्पू पासवान, वैद्यनाथ पंडित प्रभाकर और अश्विनी कुमार आलोक ने बधाई दी है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (Ayush) [UGMAC(Ayush)]-2026
for BAMS / BHMS / BUMS in Govt / Pvt. Ayush Colleges of Bihar

Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/07 Dated : 24.10.2026

NOTICE for Online Application & Choice Filling (Round-3)

Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling after Round-2 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2026 candidates for appearing in the Round-3 Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling [UGMAC(Ayush)]-2026, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/01 & 2026/02 Dated 18.09.2026, 2026/03 Dated 26.09.2026 and 2026/04 Dated 09.10.2026 and are not admitted in any Ayush Colleges of India, for admission to the first year UG Ayush Medical Courses (BAMS / BHMS / BUMS) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC(Ayush)-2026 prepared on the basis of All India Rank of NEET(UG)-2026 on the vacant seats available after admission on the basis of UGMAC(Ayush)-2026 Online Round-2 Counselling held from 22.10.2026 to 23.10.2026.

Consent is also invited from eligible candidates who have already duly submitted the Online Application form earlier and fall under the condition mentioned in para-19 of the Adv.No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/06 dated 24.10.2026 uploaded on Board's website.

2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of Round-2 Counselling is available on Board's website: **bceceboard.bihar.gov.in** . If any further vacancies due to resignation etc. arise, the Updated Seat Matrix will be uploaded on the Board's website. The candidate must see it before Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / submitting their Consent / editing of choices for Online Counselling.

3. The online Registration & submission of Application Form-cum-Choice Filling/ Editing of Application form data / Editing of Choices / Consent (Round-3) will start from **28.10.2026.**

4. Eligibility criteria for counselling / admission Fee payment precedure, instructions and other details for filling up online applications form-cum-choice filling are available in the prospectus of UGMAC(Ayush)-2026 and **Advertisement No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/06 dated 24.10.2026, which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination

भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

केन्द्रीकृत रोजगार अधिसूचना (सीईएन) संख्याः 08/2026

(सांकेतिक सूचना)

स्टेशन मास्टर पदों के लिए भर्ती

पात्र अभ्यर्थियों से स्टेशन मास्टर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्रस्तुत किए जाने चाहिए। **(https://www.rrbapply.gov.in)**

आवेदन आरम्भ होने की तिथि : 27.10.2026 (अनंतिम)
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 25.11.2026 23:59 बजे तक (अनंतिम)

पद के नाम	7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल	चिकित्सा मानक	दिनांक 01.01.2027 को आयु	अनंतिम रिक्तियां (सभी आरआरबी)
स्टेशन मास्टर	पे लेवल-6	विस्तृत सीईएन के अनुसार	विस्तृत सीईएन के अनुसार	1250 (अनुमानित)

नोट: 1. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय आधार का उपयोग करके अपने प्राथमिक विवरण को सत्यापित कर लें, ताकि गैर-आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में होने वाली विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा एवं विलंब से बचा जा सके।

2. आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए, आधार में दर्ज नाम एवं जन्म तिथि को10 वीं कक्षा के उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र में अंकित पूरा नाम एवं जन्म तिथि से 100% मिलान करने के लिए अपडेट किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार में नवीनतम फोटो एवं नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट एवं आइरिस) के साथ अपडेट करना होगा।

3. यह सूचना केवल सांकेतिक प्रकृति की है जिसे संभावित अभ्यर्थियों को आगामी विस्तृत सीईएन (CEN) के बारे में सूचित करने तथा आवेदन हेतु आवश्यक प्रमाण-पत्रों /दस्तावेजों को तैयार रखने के उद्देश्य से जारी किया गया है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि भर्ती से संबंधित सभी नियमों, शर्तें, पात्रता मानदंड, प्रक्रियाएं एवं अन्य आवश्यकताएं पूर्णतः विस्तृत सीईएन संख्या 08/2026 (साथ ही समय-समय पर जारी किए जाने वाले शुद्धिपत्र सहित) के अनुसार ही मान्य होंगी, जो विशेष रूप से सभी आरआरबी की एकीकृत वेबसाइट **https://rrb.indianrailways.gov.in** पर प्रकाशित की जाएगी। अभ्यर्थी इस एकीकृत वेबसाइट से अलग-अलग आरआरबी के वेबपेज पर जा सकते हैं।

सं- आरआरबी/पैट/08-26/स्टेशन मास्टर/2026/09 अध्यक्ष
दिनांक- 25/10/2026 रेलवे भर्ती बोर्ड
पीआर/1188/आरआरबी/एमएचएक्स/आरआरबी/नोटिफिकेशन/26-27/156

"जालसाजों, दलालों एवं नौकरी दिलाने का झांसा देने वालों से सावधान रहे"